अभ्यास : प्रश्न तथा उनके उत्तर

■ **फिर से याद करें :**

प्रश्न 1. शासक, व्यापारी एवं धनाढ्य लोग मंदिर क्यों बनवाते थे ?

उत्तर–शासक, व्यापारी एवं धनाढय लोग मंदिर इसलिये बनवाते थे ताकि उनकी धार्मिक आस्था का प्रकटीकरण हो सके। नाम कमाने के साथ पुण्य कमाने की इच्छा भी रहती होगी । अपने को शक्तिशाली और धनी होने की धाक जमाना भी कारण रहा होगा ।

प्रश्न 2. शहरों में कौन-कौन लोग रहते थे ?

उत्तर–शहरों में व्यापारी, दस्तकार, शिल्पी, आभूषण बनाने वाले, सब्जी बेचने वाले, जूता बनाने वाले, रंगरेज आदि रहते थे। व्यापारियों में अनाज बेचने वाले और कपड़ा बेचने वाले दोनों रहते थे । बड़े शहरों में थोक खरीद बिक्री भी होता था ।

प्रश्न 3. व्यापारिक वस्तुओं के यातायात के क्या साधन थे ?

उत्तर–व्यापारिक वस्तुओं के यातायात के लिये सड़क विकसित थे। सड़कों पर बैलगाड़ी, घोड़ा, खच्चर सामान ढोने के साधन थे। दूर-दराज का व्यापार नदी मार्गों से होता था। तटीय क्षेत्रों में समुद्री मार्ग का उपयोग भी होता था। बन्दरगाहों को अच्छी सड़कों द्वारा जोड़ा गया था। विदेश व्यापार समुद्री जहाजों द्वारा होता था। ऊँट भी सामान ढोने के अच्छे साधन थे।

प्रश्न 4. सतरहवीं शताब्दी में किन यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों का भारत में आगमन हुआ ?

उत्तर–सतरहवीं शताब्दी में अंग्रेज, हॉलैंड (डच) और फ्रांस के यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियों का आगमन हुआ। पुर्तगाली पन्द्रहवीं शताब्दी में ही आ चुके थे।

प्रश्न 5. सुमेल करें :

(क) मंदिर नगर	(i) दिल्ली
(ख) तीर्थ स्थल	(ii) तिरुपति
(ग) प्रशासनिक नगर	(iii) गोआ
(घ) बन्दरगाह नगर	(iv) पटना
(ङ) वाणिज्यिक नगर	(v) पुष्कर

उत्तर–

(क) मंदिर नगर	(ii) तिरुपति
(ख) तीर्थ स्थल	(v) पुष्कर
(ग) प्रशासनिक नगर	(i) दिल्ली
(घ) बन्दरगाह नगर	(iii) गोआ
(ङ) वाणिज्यिक नगर	(iv) पटना